दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 510.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अगस्त तक 510.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 22.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 656.2 मिली मीटर, पुसौर में 588.4, खरसिया में 474.8, घरघोड़ा में 474.7, तमनार में 470.2, लैलूंगा में 430.3, मुकडेगा में 500, धरमजयगढ़ में 398.1 छाल में 527.9 एवं कापू में 583 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### अग्निवीर वायु सैनिक के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 अगस्त

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** भारतीय वायुसेना में अग्निवीर वायु सैनिक के लिए इच्छुक युवक युवती 4 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिए युवाओं की जन्मतिथि 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के बीच होना चाहिए। पंजीकरण के लिए पोर्टल https://agnipathvayu.cdac.in पर किया जा सकता है। इसके लिए योग्यता हायर सेकंडरी बारहवीं में विज्ञान, वाणिज्य कला वर्ग के विद्यार्थी 50 प्रतिशत प्राप्तांक और अंग्रेजी विषय में अनिवार्य रूप से 50 प्रतिशत अंक आने पर शैक्षणिक रूप से भर्ती में भाग लेने के लिए पात्र होते हैं। इसका ऑनलाइन परीक्षा 18 अक्टूबर 2024 को निर्धारित है।

### यूपीएससी-प्री 2024 उत्तीर्ण एससी-एसटी अभ्यर्थियों से प्रोत्साहन राशि एक लाख हेतु 6 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने प्रोत्साहन राशि एक लाख रूपए हेतु यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी,एससी) के पात्र अभ्यर्थियों से 6 अगस्त 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र समय सीमा में रजिस्ट्रर्ड डाक से भी उपरोक्त पते पर भेजा जा सकता है। पात्रता, शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट ( www.tribal.cg.gov.in ) से डाउनलोड किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के एसटी,एससी वर्ग के युवाओं के सिविल सेवा के प्रति उनके परिश्रम के सम्मान में प्रोत्साहन स्वरूप संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक लाख रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान किया है।

### जिला शिक्षा अधिकारी के घर एसीबी की दबिश

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर एसीबी ने छापा मारा है। आज सुबह बरसते पानी में एसीबी की टीम ने बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी के घर छापा मारा। उनके कई ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की जा रही है। बिलासपुर के नूतन कॉलोनी स्थित आवास में एसीबी की कार्रवाई चल रही है। बिलासपुर के अलावा कवर्धा स्थित निवास पर भी एसीबी की टीम पहुंची है। आय से अधिक संपत्ति की शिकायतों के बाद एसीबी ने छापेमारी की है। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू के निवास पर एसीबी के अधिकारियों की दबिश की सूचना स्थानीय पुलिस को भी नहीं दी गई है। इसके कारण जिले के अधिकारियों को भी देर तक इसकी भनक नहीं लग पाई। सुबह जब कालोनी के लोग जागे तो उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई।

---

स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर दस्तक देकर किया जा रहा सोर्स रिडक्शन

# 1184 घरों का सर्वे कर किया गया सोर्स रिडक्शन, दवाइयों का किया गया छिड़काव

**❑ 11 मरीजों के घर में पहुंची रैपिड रिस्पांस टीम, सभी का स्वास्थ्य बेहतर**

रायगढ़





शहर में डेंगू के बढ़ते प्रकरण के मद्देनजर कलेक्टर से कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में डेंगू सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से अधिक प्रभावित क्षेत्रों में घरों में पहुंच लोगों से मिलकर डेंगू संभावित स्थानों का निरीक्षण कर दवाईयों का मौके पर छिड़काव भी किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग गत दो दिनों 1184 घरों का सर्वे कर सोर्स रिडक्शन के साथ दवाइयों का छिड़काव किया गया। इस दौरान टीम द्वारा लोगों के घरों के कबाड़ वाले स्थान, छतों, गमलों, स्टोर, ओवर हेड टंकी जैसे स्थानों की जांच की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा घरों के सर्वे एवं सोर्स रिडक्शन के साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें अपने आस-पास के ठहरे पानी को साफ करने एवं पानी जमा न होने देने की अपील भी कर रहे है, ताकि डेंगू के लार्वा न पनप सके। इस कार्य में रायगढ़ निगम क्षेत्र में कुल 48 टीम कार्य कर रही है। जिसमें तीन मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सेक्टर, डॉक्टर एवं सीएमएमएचओ ऑफिस के अधिकारी शामिल है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जन सामान्य से अपील की है कि डेंगू के मच्छर स्थिर एवं साफ पानी में ही पनपते हैं। उन्होंने कहा कि डेंगू के उत्पत्ति के स्थान घरों में ही होते हैं, इसलिए लोगों को अपने घरों की सफाई में ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि डेंगू के मच्छर कुलर में एक हफ्ता से रखा हुआ स्थिर एवं साफ पानी, बिना ढ़के हुए प्लास्टिक एवं सीमेंट टैंक का साफ पानी, फ्रिज के पीछे ट्रे, गमले में जमा हुआ पानी, पशु एवं पक्षियों के लिए रखा हुआ साफ पानी, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन एवं डिस्पोजल, गड्ढ़ो में बारिश का जमा हुआ साफ पानी, टायरों में जमा हुआ साफ पानी, अन्य ऐसे स्थान या वस्तु जिसमें स्थिर साफ पानी जमा हो रहा है वहाँ पनपते हैं। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे अपने घरों में इन स्थानों की सफाई करें और डेंगू के मच्छरों को पनपने से रोकें।

रैपिड रिस्पांस टीम के माध्यम से स्वास्थ्य का लिया जा रहा फीड बैक

स्वास्थ्य विभाग की आरआरटी (रैपिड रिस्पांस टीम) जिसमें संबंधित क्षेत्र की मितानिन, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सेक्टर डॉक्टर या सीएमएमएचओ ऑफिस के अधिकारी होते है। आज कुल 11 मरीजों के घर पहुंच उनकी स्वास्थ्य जानकारी ली। जिसमें से सभी की स्वास्थ्य स्थिति ठीक पाई गई है। इसी प्रकार आज 17 डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है, जिनके घरों में कल टीम द्वारा विजिट किया जाएगा। आरआरटी के द्वारा होम विजिट के दौरान मरीज के ट्रैवल हिस्ट्री, सोर्स रिडक्शन एवं आस-पास के घरों के सदस्यों की स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है।

डेंगू मरीजों के प्रबंधन के निरीक्षण में निजी अस्पताल पहुंचे निगम आयुक्त

डेंगू से प्रभावित मरीजों के लिए के अपनाए जाने वाले गाइड लाइन के निरीक्षण के लिए आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, डॉ.बी.पी.पटेल एवं डीपीएम रंजना पैकरा निजी हॉस्पिटल भी पहुंचे। डीपीएम रंजना पैकरा ने बताया कि डेंगू से प्रभावित मरीजों को आइसोलेशन वार्ड में रखने के साथ आवश्यक गाइड लाइन होता है। जिसके लिए आज अपेक्स हॉस्पिटल एवं बालाजी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया जहां निर्धारित गाइड लाइन का पालन करते पाया गया। साथ ही निगम आयुक्त चंद्रवंशी ने नटवर स्कूल पहुंचकर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओ को डेंगू के विषय में जानकारी देते हुए उसके लक्षण एवं बचाओं के बारे में जानकारी दी।

---

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 6 अगस्त को

**❑ 7 विकास खण्डों के 250 संकुलों में होगा आयोजन, शिक्षाविद् एवं काउन्सलर भी होंगे शामिल**

रायगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर रायगढ़ जिले के 7 विकास खण्डों के 250 संकुलों में संकुल स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन आगामी 6 अगस्त को किया जाएगा। नवीन शिक्षण सत्र 2024-25 प्रारंभ हो चुका है। शासन की ओर से नि:शुल्क सुविधायें उपलब्ध कराते हुये बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए प्रयास किये जा रहे है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण एवं संस्कार का शत-प्रतिशत लाभ विद्यार्थियों को मिले तथा उनका सर्वांगीण विकास हो।

उल्लेखनीय है कि बच्चों का भविष्य गढऩे में शिक्षक एवं पालक दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अत: दोनों को आपसी सामंजस्य रखते हुये समस्याओं का निदान हेतु सफल प्रयास करना आवश्यक है। बच्चों के भविष्य, सुपोषण एवं अध्ययन-अध्यापन हेतु शासन द्वारा संचालित विद्यार्थियों के हितकारी योजनाओं की चर्चा के लिये आपके गांव से संबंधित संकुल में संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

संकुल स्तर पर आयोजित इस मेगा बैठक में संकुल अंतर्गत सभी शासकीय विद्यालयों के शिक्षक और पढऩे वाले बच्चों के पालक/अभिभावक, जागरूक नागरिक शामिल होंगे। इस मेगा बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जायेगी एवं बच्चों के प्रगति पर चर्चा की जायेगी। आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर समाधान खोजा जायेगा। शिक्षाविद् एवं काउन्सलर भी शामिल होंगे। सभी मिलकर बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण की योजना बनायेगें। शिक्षा विभाग ने जिले के सभी पालकों को इस मेगा बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होकर बच्चों के साथ-साथ देश का भविष्य गढऩे में सहयोगी बनने हेतु आग्रह किया है।

---

## किसान अब 16 तक करा सकेंगे फसल बीमा

**❑ छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने दी सहमति**

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के ऋ णी और अऋ णी किसान अब 16 अगस्त तक खरीफ कृषि फसल एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने फसल बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाकर अब 16 अगस्त 2024 कर दिया है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य के ऋणी एवं अऋणी किसानों को मार्गदर्शन देने तथा उनका पंजीयन कराने को कहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके।

राज्य में कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए पूर्व में अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई थी। राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से केन्द्र सरकार ने फसल बीमा की अवधि को बढ़ाकर अब 16 अगस्त कर दिया है। राज्य के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान सिंचित, असिंचित, सोयाबीन, मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, कोदो-कुटकी, रागी फसल का बीमा करा सकते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति होती है। योजना में ऋणी और अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो, शामिल हो सकते हैं। ऐसे किसान जो अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराना चाहते हैं वे नियत तिथि 16 अगस्त के पूर्व अपना फसल बीमा करा सकते हैं। इसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1 पॉचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। किसान बैंक अथवा चॉईस सेंटरों के माध्यम से भी फसल बीमा कराया जा सकता है।

शासन द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार बेमेतरा, बस्तर, कोरिया बीजापुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, गरियाबंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सक्ती और कांकेर जिला के लिए बजाज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, राजनांदगांव, धमतरी, कोरबा, जशपुर, नारायणपुर, खैरागढ-छुईखदान-गंडई, महासमुन्द, रायगढ़, सूरजपुर और कोण्डागांव जिला के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा दुर्ग, बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सुकमा, मुंगेली, सरगुजा, बलौदाबाजार-भाटापारा, बालोद, रायपुर, दंतेवाड़ा, बलरामपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा हेतु अधिकृत किया गया है।

किसानों से अधिसूचित खरीफ फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए किसान क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा नजदीकी बैंक शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं।

---

## वित्तीय साक्षरता से जागरूक हुए महिला स्व-सहायता समूह एवं ग्रामीण

**❑ बड़े पैमाने पर हुआ वित्तीय साक्षरता जागरुकता अभियान**

**❑ ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में दी गई जानकारी**

रायगढ़





वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन ग्राम बायंग के दीनानाथ मेमोरियल सामुदायिक भवन में किया गया। जिसमें लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन प्रोजेक्ट, बिहान योजना एवं प्रदान संस्था के द्वारा संचालित रायगढ़ महिला संघ ने एक विशेष समारोह के दौरान वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान शिविर आयोजित हुआ। इस अवसर पर महिला स्व-सहायता समूह और ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता से जागरूक करते हुए ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। रायगढ़ महिला संघ के पदाधिकारी, बिहान के विभिन्न केडर, स्थानीय पंचायत सरपंचण, सहती महिला समूह के सदस्य और अन्य ग्रामीण लोग भी शामिल हुए।

रायगढ़ महिला संघ के पदाधिकारियों के द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उद्घाटन समारोह की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथियों ने महिलाओं से प्रेरित होकर सभी को उचित बैंकिंग व्यवहार प्रदर्शन करने की अपील की। उन्होंने कहा डिजिटल भारत के अंतर्गत विकास को नजर रखते हुए ग्रामीणों को भी अपनी जिम्मेदारी जागरुक हो कर निभानी पड़ेगी।

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन प्रोजेक्ट के तकनीकी एक्सपर्ट के द्वारा महिला समूहों के सदस्यों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बैंकिंग के निम्न सेवाओं की जानकारी दी। जिसमें व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन, बैंकिंग सेवाओं की विशेष जानकारी, बीमा का महत्व, महिला समूह के सदस्यों की जागरुकता, उद्यमिता विकास/व्यवसाय को बढ़ावा, आजीविका को बढ़ावा देने के लिए कर्ज के सुविधा की जानकारी, सिविल स्कोर की भूमिका और कर्ज वापसी की जानकारी, वित्तीय साक्षरता का स्मार्ट फार्मूला, सेट फाइनेंशियल गोल्स (वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करें),मैनेज योर मोनी (अपने पैसे का प्रबंधन करें),असेस योर रिस्क (अपने जोखिमों का आकलन करें),रिव्यू एंड रिवाइज (समीक्षा और संशोधन करें),टेक कंट्रोल ऑफ योर फाइनेंस (अपने वित्त पर नियंत्रण रखें) की जानकारी के ऊपर विशेष चर्चा की गई।

### आगे की योजनाएँ-

वित्तीय साक्षरता शिविर का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता के महत्व को बढ़ावा देना, लोगों को वित्तीय निर्णय लेने में मदद करना, वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जोर देना और बजट बनाने, बचत करने, निवेश करने और ऋण प्रबंधन के बारे में जानकारी। शिविर के आयोजकों ने कहा कि वे वित्तीय साक्षरता के महत्व को बढ़ावा देने के लिए और शिविर आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता लोगों को अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करती है।

---

## शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए 5 अगस्त तक क्यूआर कोड से कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

**❑ थलसेना अग्निवीर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी का शारीरिक दक्षता परीक्षा दिसंबर में होगा**

सारंगढ़ बिलाईगढ़

भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु अप्रैल 2024 में परीक्षा आयोजित किया गया था, जिसका सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा परिणाम घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों का शारीरिक दक्षता परीक्षा 04 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक के प्रथम रायगढ़ में निर्धारित है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन द्वारा सभी ब्लॉक में निशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में अभ्यर्थियों को 1.6 किलोमीटर दौड़, बीम पुशअप, 9 फीट लंबी कूद और बैलेसिंग बीम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 5 अगस्त 2024 तक क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए प्रभारी रोजगार अधिकारी रामजीत राम से 9424184279 पर संपर्क कर सकते हैं। कौशल शारीरिक दक्षता परीक्षा की विस्तृत जानकारी हेतु सेना भर्ती वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन www.joinindianarmy.nic.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

---

## प्रयास विद्यालय के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु 5, 6 और 7 अगस्त को रायपुर में होगी काउंसलिंग

**❑ काउंसिलिंग हेतु प्राक्चयन परीक्षा से चयनित छात्र-छात्राओं की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध**

सारंगढ़ बिलाईगढ़

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9 वीं में सत्र 2024-25 के तहत प्रवेश हेतु 09 जून 2024 को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में वर्गवार चयनित छात्र-छात्राओं की सूची वेबसाइट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन http://eklavya.cg.nic.in पर जारी की गई है। प्रतीक्षा सूची के छात्र-छात्राओं हेतु स्थान रिक्त होने पर पृथक से सूचना दी जायेगी।

**काउंसलिंग**

प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में कांउसलिंग वर्गवार चयनित छात्र-छात्राओं के तहत अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के कन्या वर्ग हेतु 05 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक, अनुसूचित जाति (एससी) एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बालक एवं कन्या के लिए 06 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक और अन्य पिछडा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के बालक एवं कन्या हेतु 07 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

कांउसलिंग हेतु चयनित छात्र-छात्राओं के प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति उक्त उल्लेखित तिथि को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे तथा मध्यान्ह 12 बजे तक निराकरण पश्चात कांउसलिंग की कार्यवाही की जायेगी। उपरोक्तानुसार घोषित कार्यक्रम के आधार पर संबंधित छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसलिंग स्थल प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में उपस्थित होना अनिवार्य है।

---

## वित्त मंत्री से कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात में देय तिथि से 4 प्रतिशत डीए देने पर बनी सहमति : वित्त मंत्री ने मोदी की गारंटी को पूरा करने दिया आश्वासन

**❑ 16 जुलाई को संघर्ष मोर्चा की बैठक में शामिल कर्मचारी नेताओं ने वित्त मंत्री से मिलने का लिया था निर्णय**

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल 31 जुलाई बुधवार को छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से लंबित 4% डीए और चुनावी घोषणापत्र में दिए गए मोदी की गारंटी के संदर्भ में विभिन्न मांगो को लेकर मुलाकात किया। इस मुलाकात में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि, जल्द ही देय तिथि से लंबित 4% महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री को पूर्ववर्ती सरकार के दौरान बकाया डीए के एरियर्स, एलबी संवर्ग सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के संदर्भ में भाजपा के घोषणा पत्र में किए गए वायदे को पूरा करने की मांग करते हुए राज्य के कर्मचारियों की सरकार से की जा रही अपेक्षाओं से अवगत कराया। जिस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि चुनाव में दिए गए मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार को कुछ समय दीजिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो भी वायदा किया है, उसे पूरा करेंगे।

शासकीय छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के जिला संयोजक दीपकशर्मा, , कर्मचारी अधिकारीमहासंघ मीडिया प्रभारी एस भास्कर ,पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष वासुदेव भोई , स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष संजय नारंग, अशासकीय अनुदान प्राप्त संघ के अध्यक्ष हेमंत ठाकुर प्रकाश पवार , विद्यालयीन कर्मचारी संघ के रोहित साहू, सहित 22 कर्मचारी जिला अध्यक्षों ने बताया कि, दें कि 16 जुलाई को इंद्रावती भवन नया रायपुर में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रदेश भर से दो दर्जन से अधिक कर्मचारी अधिकारी संगठन एवं शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि के अलावा सत्ता पक्ष के गैर राजनीतिक अनुषांगिक संगठन से जुड़े कर्मचारी नेता भी शामिल हुए थे।

इस बैठक में मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से मिलकर कर्मचारियों की मांग रखने का निर्णय लिया गया था। उसके बाद 30 जुलाई को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। इस मुलाकात में प्रतिनिधि मंडल ने संगठन महामंत्री पवन साय को अवगत कराया कि कर्मचारियों से किए गए वायदे पूरे नहीं होने से कर्मचारियों में निराशा का माहौल है, जबकि सत्ता परिवर्तन में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। संगठन महामंत्री ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को सुनने के बाद हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और महती भूमिका निभाते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी तक कर्मचारियों की मांग को पहुंचाया।

इसके बाद 31 जुलाई बुधवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल को मिलने का समय दिया। वित्त मंत्री से मुलाकात में प्रतिनिधि मंडल ने बकाया 4% डीए, डीए के एरियर्स सहित पूर्ववर्ती सरकार के समय पिछले 5 वर्षों से लम्बित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की मांग से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने आंदोलनरत नगरीय निकाय के कर्मचारियों की मांग के संबंध में चर्चा करते हुए प्रत्येक माह की एक तारीख को उन्हें वेतन देने की व्यवस्था बनाने का अनुरोध भी किया।अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा के आयोजन में संचालक कोष लेखा द्वारा अनावश्यक विलंब करने के लिए मोर्चा ने वित्त मंत्री का ध्यान आकर्षित करने पर मंत्री ने पहल करने की बात कही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480